Title: Need to develop Ashokan rock edicts site situated in Kaimur District in Bihar and connect the site with Buddhist Circuit -laid

श्री छेदी पासवान (सासाराम): मेरे संसदीय क्षेत्र के कैमूर जिला (बिहार) अन्तर्गत स्थित भुटमूरिया पहाड़ की गुफा में सम्राट अशोक द्वारा लिखवाये गये 18 वें नौ लाइनों के शिला लेख स्थल को विकसित तथा इसे पर्यटन हेतु बौद्ध सर्किट से जोड़ने की आवश्यकता है । मेरा अनुरोध है कि मौजा भुटमूरिया (नाचिरागी) ग्रामपंचायत भरारी, प्रखण्ड-चाँद जिला कैमूर (बिहार) के आस-पास लगभग तीन किलोमीटर का क्षेत्र अति प्राचीन धरोधर भित्ती चित्रों से परिपूर्ण है । पर्यटक एवं सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने एवं इसके सटे भगवानपुर प्रखण्ड में माँ मुण्डेश्वरी के दर्शन करने हेतु देश-विदेश के पर्यटक तथा श्रद्धालु आते रहते हैं । भुटमूरिया पहाड़ की गुफा में सम्राट अशोक द्वारा लिखवाये गये 18वें नौ लाइनों के शिला लेख स्थल को विकसित तथा इसे पर्यटन हेतु बौद्ध सर्किट से जोड़ने के लिए संबंधित मंत्रालय को अग्रसारित करने की कृपा की जाए ताकि देश विदेश से आये श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ माँ मुण्डेश्वरी के साथ-साथ इस पहाड़ की गुफा में 18वें नौ लाईनो के शिला लेख का भी विकास हो सके ।